महत्वपूर्ण प्रश्न - दो बैलों की कथा

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें

दोनों बैलों का ऐसा अपमान कभी न हुआ था। झूरी इन्हें फूल की छड़ी से भी न छूता था। उसकी टिटकार पर दोनों उड़ने लगते थे। यहाँ मार पड़ी। आहत-सम्मान की व्यथा तो थी ही, उस पर मिला सूखा भूसा।
नाँद की तरफ आँखें तक न उठाईं।
दूसरे दिन गया ने बैलों को हल में जोता, पर इन दोनों ने जैसे पाँव न उठाने की कसम खा ली थी। वह मारते-मरते थक गया; पर दोनों ने पाँव न उठाया। एक बार जब उस निर्दयी ने हीरा की नाक पर खूब डंडे जमाए, तो मोती का गुस्सा काबू के बाहर हो गया। हल लेकर भागा। हैल, रस्सी, जुआ, जोत, सब टूट-टाट कर बराबर हो गया। गले में बड़ी-बड़ी रस्सियाँ न होतीं, तो दोनों पकड़ाई में न आते।

प्रश्न

I. दोनों बैलों का किसने और किस तरह अपमान किया? उसने ऐसा क्यों किया?

II. बैलों के प्रति झूरी और गया के व्यवहार में क्या अंतर था?

III. मोती को क्रोध क्यों आया? क्रोधावेश में उसने क्या किया?

कृपया निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें

1. *किसान जीवन वाले समाज में पशु और मनुष्य के आपसी संबंध को कहानी में किस तरह व्यक्त किया गया है?*
2. *कांजी हौस में किन्हें कैद किया जाता है तथा उनके साथ कैसा व्यवहार होता है?*
3. *'दो बैलों की कथा' के आधार पर सिद्ध कीजिए कि एकता में शक्ति होती है।*
4. *कहानी में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति-विषयक मूल्य उभर कर आए हैं?*
5. *किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी?*
6. *गधे का छोटा भाई किसे कहा है और क्यों?*
7. *भारत वासियों को अमेरिका में क्यों नहीं घुसने दिया जाता था?*